# नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एनसीसी अधिकारी कैप्टन रजिया परवीन एन एस एस अधिकारी डॉक्टर इंदु कनौजिया डॉ दिव्या पाल द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा एवं मुख्य वक्ता श्री जमशेद आलम सिद्दकी रिटायर्ड एडीशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर द्वारा सड़क सड़क सुरक्षा के नियम एवं सड़क दुर्घटना के कारणों पर विस्तार से चर्चा की इसके पश्चात सालेटियम फंड के भी बारे में बताया गया कि जिला स्तर पर हिट एवं रन केस के तहत 200000 तक क्षतिपूर्ति का प्रावधान है जिसमें घायल होने पर भी अपील कर सकता है। साथ ही दुर्घटना के पश्चात गोल्डन आवर्स में घायल को अस्पताल पहुंचाने के प्रावधानों पर के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में हिन्दी विभाग की डा अन्तिमा चौधरी भी उपस्थित रही। छात्राओं ने अपने प्रश्न पूछे और सभी की बढ़–चढ़कर भागीदारी रही छात्राओं की संख्या 50 थी।